6/2/22, 11:11 AM 01062022_D.jpg (960×608)

### निरीक्षण. जल संसाधन मंत्री ने इस्माइलपुर व गोपालपुर में कटाव निरोधी काम देखा, बोले

# इस बार नहीं झेलनी पड़ेगी बाढ़ की त्रासदी

- अबतक 35 फीसदी ही काम हो पाने पर जतायी नाराजगी

**प्रभात खबर टोली, नवगछिया**

राज्य के जल संसाधन मंत्री संजय झा ने अधिकारियों के साथ मंगलवार की दोपहर इस्माइलपुर-बिंदटोली के बीच चल रहे कटाव निरोधी काम का निरीक्षण किया. अबतक 35 फीसदी ही काम होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने 15 जून तक गुणवत्तापूर्ण काम पूरा नहीं कराने वाले ठेकेदारों पर प्राथमिकी दर्ज करा मुख्यालय को सूचित करने का निर्देश विभाग के अभियंताओं को दिया. बता दें कि पिछले वर्ष 15 अगस्त को डिमाहा गांव के पास स्पर संख्या 02 व 03 के बीच मुख्य तटबंध में कटाव होने से पूरा इलाका जलमग्न हो गया था. निरीक्षण से पहले मंत्री ने कैंप कार्यालय में विभागीय अभियंताओं से जल संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न स्परों व तटबंधों पर कराये जा रहे कटाव निरोधी कार्यों की जानकारी ली. मंत्री ने आश्वस्त किया कि इस बार लोगों को बाढ़ की त्रासदी लोगों को नहीं झेलनी पड़ेगी.

स्पर संख्या 06 का निरीक्षण करने के बाद डिमाहा के निकट कटाव स्थल, जमींदारी बांध व जाह्नवी चौक के पास



कटाव निरोधी काम का जायजा लेते मंत्री संजय झा. साथ में विभाग के अभियंता व पदाधिकारी.

निर्माणाधीन स्लुइस गेट का निरीक्षण करने के बाद हरहाल में 15 जून तक सभी स्लुइस गेट का निर्माण कार्य पूरा कराने को कहा.

**ठेका कंपनी को मंत्री ने लगायी फटकार : गोपालपुर.** डिमाहा गांव के पास कटाव निरोधी काम करा रही सिंधुजा कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजर को उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि फरवरी में ही काम मिला है, लेकिन अभी तक मात्र 35 प्रतिशत ही काम हो पाया है. मौके पर मौजूद अभियंताओं से पूछा कि अब तक कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं करायी गयी है? 15 जून तक काम पूरा नहीं हुआ तो प्राथमिकी दर्ज करायें.

**ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने की मांगें**

कैंप कार्यालय में सैदपुर के ग्रामीण अधिवक्ता मुकेश कुमार, प्रखंड जदयू अध्यक्ष साकेत बिहारी, मनोज कुमार ने ब्रह्मोत्तर बांध के निर्माण व स्पर संख्या 05 से लेकर 07 तक तटबंध को मजबूत करने के लिए और अधिक काम कराने की मांग की. तिनटंगाकरारी के पूर्व मुखिया गिरिधारी पासवान, पूर्व सरपंच शंभु यादव, सरपंच घनश्याम यादव ने स्पर संख्या 09 के आगे काम कराने की मांग की, ताकि तिनटंगा करारी को कटाव से बचाया जा सके. तिनटंगा दियारा के मुखिया गणेश प्रसाद मंडल ने कटाव की भयावहता को देखते हुए बड़े पैमाने पर कटाव निरोधी कार्य कराने की मांग की. ग्रामीणों ने स्पर संख्या 06 के सामने से 07 के सामने तक सोल कटिंग कराने की मांग की. मंत्री ने कहा कि तटबंध का सीमांकन और चौड़ा कराने, अतिक्रमणमुक्त रखने, तटबंध के अंदर पक्का निर्माण कार्य नहीं कराने और तटबंधों का म्यूटेशन कराने के निर्देश दिये गये हैं. मौके पर जल संसाधन विभाग के प्रधानसचिव संजय अग्रवाल, मुख्य अभियंता ई अनिल कुमार, एडीएम राजस्व राजेश झा राजा, नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज, एसडीएम यतेंद्र कुमार पाल, एसडीपीओ दिलीप कुमार, इस्माइलपुर के जिला पार्षद विपिन मंडल आदि मौजूद थे.

## जाह्नवी चौक से इस्माइलपुर तक बनेगा वैकल्पिक मार्ग

**नवगछिया.** मंत्री संजय झा ने कहा यह गंगा-कोसी का इलाका है. इस बार सोल कटिंग कराया जा रहा है, जिससे गंगा की धारा अधिक चौड़ाई के साथ प्रवाहित होगी, जिससे बांधों पर कम दबाव पड़ेगा. मंत्री ने विक्रमशिला सेतु और जाह्नवी चौक के पास अत्यधिक ट्रैफिक का जिक्र करते हुए कहा कि जाह्नवी चौक से इस्माइलपुर तक बन रहा बांध एक वैकल्पिक मार्ग बन सकता है. करीब 10 किलोमीटर लंबे इस बांध पर सड़क निर्माण कराने को पहल करेंगे. उन्होंने कहा कि बांध को क्षतिग्रस्त करने का मामला भी सामने आता है, जिसके लिए प्रशासन को अलर्ट किया गया है. उन्होंने आम लोगो से अपील की कि बांध पर खर पतवार नहीं रखे. पिछली बार खर पतवार रखे जाने के कारण ही बांध को जानवरों ने छतिग्रस्त कर दिया था. मंत्री ने कहा कार्य संतोषजनक है लेकिन विलंब हो रहा है. उन्होंने कहा इस बार बढ़ संघर्षात्मक कार्य 15 जून के बदले एक जून से ही शुरू कर दिया जायेगा

**इस्माइलपुर के किसानों ने की मुआवजे की मांग :** जाह्नवी चौक के पास मंत्री से ग्रामीणों ने अब तक जमीन का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की. इसपर मंत्री ने अधिकारियों से समस्याएं दूर कर मुआवजा देने को कहा. मंत्री ने मुख्य अभियंता से बंडलिंग व सोल कटिंग के प्रतिदिन के वीडियो और फोटोग्राफ भेजने को कहा. सोल कटिंग कार्य मे और अधिक ट्रैक्टर लगाने को कहा. वीरनगर के निकट तटबंध पर बार-बार कटाव होने की शिकायत ग्रामीणो ने करते हुए कहा कि स्पर 06 से 07 के बीच गंगा तटबंध के करीब बह रही है. यदि यहां ठोस व गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं कराया गया तो किसी अनहोनी से इन्कार नहीं किया जा सकता है. ग्रामीणों ने बिंदटोली से जाह्नवी चौक तक तटबंध पर सड़क निर्माण कराने की मांग की, ताकि भागलपुर जाने का सुलभ रास्ता उपलब्ध हो सके.

**हेलीकॉप्टर से पहुंचे मंत्री :** मंत्री हेलीकॉप्टर से नवगछिया के इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय के मैदान पर उतरे. यहां अधिकारियों ने उनका स्वागत बुके देकर किया. मौके पर एसपी सुशांत कुमार सरोज सहित कई अधिकारी मौजूद थे.

https://wrd.fmiscwrdbihar.gov.in/documents/2022/01062022_D.jpg 1/1